NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# M.H.I. -5

# भारतीय अर्थव्यवस्था का इतिहास

## ( History of Indian Economy )

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Hareesh Kumar* M.A. (History)

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 480/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

**Get books by Post & Pay Cash on Delivery :**

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

Content

# भारतीय अर्थव्यवस्था का इतिहास

## (History of Indian Economy )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*

Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—Exam Held in August-2021 (Solved) ........ 1-5
Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—December, 2019 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—June, 2019 (Solved) ........ 1-3
Question Paper—December, 2018 (Solved) ........ 1-3
Question Paper—June, 2018 (Solved) ........ 1-2
Question Paper—December, 2017 (Solved) ........ 1-3
Question Paper—June, 2017 (Solved) ........ 1-2

| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

**इतिहास लेखन, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था**

1. पूर्व-औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था का इतिहास लेखन : प्राचीन काल ........ 1
2. पूर्व-औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था का इतिहास लेखन : मध्य काल ........ 7
3. औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था का इतिहास लेखन ........ 17
4. पर्यावरण क्षेत्र और भारत का आर्थिक इतिहास ........ 35

**जटिल अर्थव्यवस्था का उद्‌भव और संरचना**

5. कृषि उद्‌भव, पशुपालन और शिल्प उत्पादन से नगरीकरण तक (हड़प्पा सभ्यता) ........ 50
6. उपमहाद्वीपीय कृषक और पशुपालक समुदाय : प्रारंभ से 1000 ई.पू. के मध्य का पुरातात्त्विक और भौगोलिक अध्ययन ........ 52

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 7. | कुछ प्रारंभिक राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं की तुलनात्मक संरचना (मौर्य, कुषाण, सातवाहन, गुप्त) | 57 |
| 8. | व्यापार का स्वरूप, शहरीकरण और आपसी संबंध : उत्तर भारत (लगभग 600 ई.पू. से 300 ई. तक) | 62 |
| 9. | व्यापार का स्वरूप, शहरीकरण और आपसी सम्बन्ध : प्रायद्वीपीय भारत (लगभग 300 ई.पू. से 300 ईसवी तक) | 66 |
| **प्रारंभिक मध्यकालीन अर्थव्यवस्था और उसकी निरन्तरताएँ** | | |
| 10. | भारतीय इतिहास में सामंतवाद : विभिन्न दृष्टिकोण | 71 |
| 11. | कृषि एवं शिल्प उत्पादन का संगठन : उत्तर भारत (C. 550-1300 ईसवी) | 74 |
| 12. | प्रारंभिक मध्यकाल में स्तरीकरण का स्वरूप एवं कृषक समाज की | 78 |
| **क्षेत्रीय रूपरेखा : उत्तर भारत ( C. 550-1300 ईसवी )** | | |
| 13. | कृषि एवं शिल्प उत्पादन का संगठन, कृषक समाज की क्षेत्रीय रूपरेखा तथा स्तरीकरण का स्वरूप : दक्षिण भारत (C. 300-1300 ई०) | 83 |
| 14. | व्यापार, व्यापारतंत्र एवं शहरीकरण : उत्तर भारत (लगभग C. 300-1300 ई०) | 87 |
| 15. | विनिमयतंत्र, व्यापारी संगठन एवं शहरीकरण : दक्षिण भारत | 91 |
| **मध्यकालीन अर्थव्यवस्था का विस्तार और विकास** | | |
| 16. | कृषि उत्पादन | 95 |
| 17. | कृषि संरचना : कृषि संबंध | 102 |
| 18. | गैर-कृषि उत्पादन | 112 |
| 19. | कर-प्रणाली | 119 |
| 20. | मध्यकालीन भारत में शहरी केंद्र | 126 |
| 21. | आन्तरिक और समुद्री व्यापार | 129 |
| 22. | व्यावसायिक गतिविधियाँ और मुद्रा व्यवस्था | 137 |

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|
| 23. | तकनीकी और अर्थव्यवस्था | 152 |
| 24. | परिवहन और संचार | 171 |
| 25. | भारतीय इतिहास में अठारहवीं शताब्दी | 182 |
| | **व्यापारी एवं बाजार** | |
| 26. | व्यापारी एवं बाजार : 1857–1947 | 203 |
| 27. | उपनिवेशवाद और व्यापार : 1857–1947 | 210 |
| | **ग्रामीण अर्थव्यवस्था** | |
| 28. | कृषि नीति और भू-अधिकार | 217 |
| 29. | वाणिज्यीकरण का स्वरूप | 221 |
| 30. | औपनिवेशिक भारत की वन अर्थव्यवस्थाएं | 227 |
| 31. | औपनिवेशिक भारत में जनसांख्यिकी परिवर्तन और कृषक समाज | 232 |
| 32. | जनजातीय समाज और औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था | 235 |
| 33. | कृषि अर्थव्यवस्था : विकास और ठहराव का प्रश्न | 238 |
| | **शिल्प उत्पादन, तकनीकी परिवर्तन और औद्योगीकरण** | |
| 34. | निरौद्योगीकरण : विभिन्न दृष्टिकोण | 241 |
| 35. | शिल्प उद्योग तथा लघुस्तरीय उत्पादन | 255 |
| 36. | औद्योगीकरण का स्वरूप | 266 |
| 37. | तकनीकी, विज्ञान और साम्राज्य | 277 |
| 38. | नियोजित अर्थव्यवस्था से वैश्वीकरण की ओर | 292 |
| 39. | उदारीकरण की राजनीतिक अर्थव्यवस्था | 308 |


■ ■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## भारतीय अर्थव्यवस्था का इतिहास

**( History of Indian Economy )**

**M.H.I.-5**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक भाग से कम-से-कम दो प्रश्न अवश्य कीजिए। सभी प्रश्नों के अंक* ***समान*** *हैं।*

**भाग - अ**

**प्रश्न 1. प्राचीन भारतीय आर्थिक इतिहास संबंधी अनुसंधानों के रुझानों पर एक आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-3, प्रश्न 1 तथा पृष्ठ-4, प्रश्न 2

**प्रश्न 2. लगभग 200 बीसी से 300 एडी के मध्य लम्बी दूरी के व्यापार के विकास तथा विस्तार की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-67, प्रश्न 2

**प्रश्न 3. 6-13वीं शताब्दियों के दौरान उत्तर भारत में शिल्प उत्पादन के विभिन्न स्वरूपों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-76, प्रश्न 4

**प्रश्न 4. मध्यकाल में सिंचाई के विभिन्न तरीकों पर एक टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-75, प्रश्न 2, अध्याय-16, पृष्ठ-97, प्रश्न 4, अध्याय-23, पृष्ठ-154, 'सिंचाई तकनीकी'

**प्रश्न 5. मध्यकाल में वस्त्र उत्पादन के विकास का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-18, पृष्ठ-112, प्रश्न 1

**भाग-ख**

**प्रश्न 6. मध्यकाल में यात्रियों के ठहरने की सुविधाओं तथा डाक संचार व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-24, पृष्ठ-179, प्रश्न 2 तथा पृष्ठ-180, प्रश्न 3

**प्रश्न 7. 18वीं शताब्दी में भारतीय व्यापारियों तथा बाजारों पर यूरोपीय हस्तक्षेप के प्रभाव का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-26, पृष्ठ-205, प्रश्न 4

**प्रश्न 8. 1890-1950 के दौरान कृषि उत्पादन की प्रमुख प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-33, पृष्ठ-238, प्रश्न 1

**प्रश्न 9. 1850 से 1946 के बीच औद्योगीकरण के पैटर्न की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-36, पृष्ठ-272, प्रश्न 2

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) बलूतेदार**

**उत्तर–**1. ग्रामीण सेवक मुख्यतया कारीगर थे।

2. वे दक्खन के ग्रामीण समाज का एक महत्त्वपूर्ण भाग थे।

3. उन्हें बलूतेदार और उनकी आय को बलूता कहा जाता था।

4. उनकी आय कृषि उपज के रूप में थी। वे उत्तर भारत में कमीनों के समकक्ष थे। कमीनों की तुलना में दक्खनी ग्रामीण समाज में उनकी स्थिति बेहतर थी। अनेक ग्राम दस्तावेजों में वर्णन मिलता है कि गाँव का निर्णयन प्रक्रिया में बलूतेदारों की भी भागीदारी होती थी।

**संघठन–**बारा (बारह) शब्द प्राय: बलूता से पूर्व प्रयुक्त किया जाता था। उनकी आय गाँव की उपज में उनका अपना हिस्सा होती थी। इस आय के आधार पर बारह बलूतों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता था। ये श्रेणियाँ कास या ओल कहलाती थी।

बारह की संख्या पारम्परिक है। यह संख्या प्रत्येक गाँव में भिन्न-भिन्न थी।

कास के भीतर संघठन और वर्गीकरण में भी क्षेत्रीय दृष्टि से अंतर था। उदाहरणार्थ, महाराष्ट्र के पुणे जिले में परगना इंदापुर में गाँव व कस्बे में बारह न होकर चौदह बलूतेदार थे। इसी प्रकार पारम्परिक रूप से थोराली कास अर्थात प्रथम श्रेणी में रहने वाले चर्मकार मधाली कास अर्थात द्वितीय श्रेणी में थे।

इंदापुर में मंग परम्परागत रूप से निर्धारित थोराली कास में न होकर मधाली कास में थे।

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



ढाकती कास में अर्थात तीसरी श्रेणी में भाटों को सम्मिलित नहीं किया गया किन्तु निम्न शामिल किए गए थे–

*(i)* सुनार

*(ii)* जोशी (ग्राम ज्योतिषी) और

*(iii)* रामोशी (ग्राम रक्षक)

बलूतेदार भिन्न-भिन्न पेशेवर जातियों से थे, जो निम्न जाति के थे। इसके कुछ अपवाद भी हैं–

1. महाराष्ट्र में ज्योतिषी, चारण और लेखांकर ब्राह्मण थे।

2. विशेष बलूतेदार जाति के पेशे पर जाति का एकाधिकार नहीं था। कुछ गाँवों में बढ़ई जाति के बलूतेदार भी लुहार एवं अन्य कार्यों को सम्पन्न करते थे।

ग्रामसेवकों का अलूतेदार नामक एक अन्य वर्ग था, उसे बलूतेदारों के समान स्तर प्राप्त न था।

ग्रांट डफ के अनुसार अलूतेदारों की संख्या भी बारह थी। वे नारू कहलाते थे।

फुकुजावा का मत है कि ब्रिटिश पूर्व काल के मराठी दस्तावेजों में अलूता शब्द का उल्लेख नहीं है। सम्भवतया बलूतों के विपरीत अलूते सभी गाँवों में नहीं पाए जाते थे। वे केवल कुछ ही गाँवों में होते थे।

संभवतः अलूता शब्द बलूता शब्द के 'अनुप्रास' के रूप में बना हो (फुकुजावा) कभी-कभी निम्न का उल्लेख बारह बलूतेदारों की पारम्भिक श्रेणी में न करके बारह अलूतों की श्रेणी में किया जाता था–

*(i)* सुनार,

*(ii)* चारण, एवं

*(iii)* भार वाहक

**कार्य** (Functions)–विभिन्न अभिलेखों से यह विदित होता है कि बलूतों को परिवारों द्वारा पृथक् रूप से रोजगार नहीं दिया जाता था। इसके विपरीत वे सम्पूर्ण गाँव के सेवक थे। दस्तावेजों में इनके लिए विशिष्ट पदावली का प्रयोग हुआ है, जैसे–

**1. गांवची सोनारकी** अर्थात 'गाँव का सुनार'

**2. देहपाचेन कामकाज** या **गांवची चाकरी** दोनों का अर्थ है 'गाँव के लिए काम'।

**3. 'श्रेणी समूह'** (विशिष्ट क्षेत्रीय सीमाओं के समूह) के रूप में गाँव की सेवा करते समय, बलूतेदार कभी-कभी उस गाँव के अन्य ग्रामीणों की भी सेवा करते थे चाहे उनके परिवार से उनका कोई सम्बन्ध न हो।

**प्रकार**–बलूते के दो प्रकार थे–

1. वतनदार या मिरासी बलूतेदार और

2. उपारी बलूतेदार। इनका वर्णन निम्न प्रकार है–

1. वतनदार बलूतों की सेवा के स्वरूप का निर्धारण आनुवंशिक आधार पर था। प्रायः अपने देशों पर उनका एकाधिकार था।

2. उपारी बलूतों की सेवाएँ इस प्रकार की नहीं थीं, उनको निम्न प्रकार रखा जाता था–

*(i)* अस्थायी आधार पर विद्यमान बलूतों की सहायता के लिए या

*(ii)* यदि कोई वतन बलूतेदार गाँव छोड़कर चला जाता था तो उसके स्थान पर अस्थायी काम करने के लिए।

वस्तुतः उपारी का अर्थ है 'नव आगंतुक', 'अजनबी' या 'अतिरिक्त'। कभी-कभी एक ही परिवार में बढ़ईगीरी और लुहारगीरी दोनों का काम होता था। इस प्रकार के मामले में ऐसे लोगों के मध्य स्पष्ट अंतर था।

*प्रथम,* वे जो अपने वतन (पैतृक) के रूप में निर्धारित सेवा किया करते थे।

*द्वितीय,* वे जो उपारी के रूप में वही काम करते थे।

इस प्रकार समस्त बलूतेदारों का सेवाओं पर आनुवंशिक एकाधिकार (वतनदार) न था।

वतनदारी बलूतों को पारिश्रमिक बहुत अधिक दिया जाता था। अतएव प्रायः एक ही वतनदारी के अनेक दावेदार हो जाते थे। हमें दस्तावेजों में दावेदारों के मध्य एक वतन के सम्बन्ध में अनेक विवादों का उल्लेख मिलता है।

**(ख) सामन्तवादी अर्थव्यवस्था संबंधी विवाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-72, प्रश्न 2

**(ग) जनजातीय समाज पर औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था का प्रभाव**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-32, पृष्ठ-236, प्रश्न 2

**(घ) पंचवर्षीय योजनाएँ**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-38, पृष्ठ-293, 'पंचवर्षीय योजनाएं'

■■

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# भारतीय अर्थव्यवस्था का इतिहास

## पूर्व-औपनिवेशिक अर्थव्यवस्था का इतिहास लेखन : प्राचीन काल

1

### प्रस्तावना

प्राचीन भारत की अर्थव्यवस्था को जानने के लिए जो सामग्री या पुस्तकें हमें उपलब्ध हैं उनके मुख्य विषय भूमि पर अधिकार, गाँव के जीवन से लेकर शहरीकरण तक, शिल्प, मुद्रा आदि ही प्रमुख रहे, लेकिन यही पर्याप्त नहीं था, लोगों की अर्थव्यवस्था के बारे में जानने के लिए जब अधिक जिज्ञासा बढ़ी और इसको बढ़ावा दिया एक नये लेखन ने, जिसमें अब राजनैतिक या राजवंशों के इतिहास से हटकर भौतिक संस्कृति और आर्थिक जीवन पर जोर दिया गया। इस प्रकार के लेखन में डी.डी. कोसांबी और आर.एस. शर्मा का लेखन-कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय कहा जा सकता है। प्राचीन भारत के इतिहास को मूलतः दो चरणों में विभाजित किया जा सकता है–पूर्व ऐतिहासिक काल, जो गुप्त काल तक फैला हुआ है। दूसरा, पूर्व मध्यकाल, जिसमें छः से सात शताब्दियों के इतिहास को शामिल किया जाता है।

प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास को समझने व उसकी व्याख्या करने के लिए दृष्टिकोणों में परिवर्तन भी आया। पुरातात्त्विक खोजों से यह पता लगाया गया कि तकनीकी और समाज के विकास के विभिन्न स्तरों पर संस्कृतियों का सहअस्तित्व रहा। प्रारम्भिक भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को उत्तरी भारत की गंगा घाटी के क्षेत्र व इसके आसपास के क्षेत्र में विकसित होना भी पुरातात्त्विक खोजों ने प्रमाणित किया। मौर्य काल के बाद शहरी विकास व गंगा घाटी के बाहर राज्यों की संरचना, कृषि विस्तार, व्यापार, मौद्रिक अर्थव्यवस्था एक तत्त्व के रूप में कायम होने लगी, जो पहली बार एक बड़े परिवर्तन को इंगित करती है और प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। यही वह समय था जहाँ से हम भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास को एक इतिहास के रूप में देखने लगे। इसे ऐसा नहीं समझना चाहिए कि इससे पहले प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था का अस्तित्व नहीं था, पर वह इतना महत्त्व नहीं रखता।

### विचार एवं अर्थव्यवस्था

प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था को जानने के लिए हमारे पास जो स्रोत हैं, उनके आधार पर प्राचीन भारतीय कृषि के बारे में जानने के लिए हम संस्कृत व पाली साहित्य से भी जानकारी प्राप्त करते हैं, जो अपने आप में अति महत्त्वपूर्ण हैं व प्राचीन कृषि को जानने व उसके लिए प्रयुक्त प्रचलित शब्दों को बताते हैं। यहाँ हम कुछ जो शब्द कृषि के लिए प्राचीन काल में प्रचलित रहे, को समझने का प्रयास करेंगे। उदाहरण के लिए, ईसा पूर्व पहली शताब्दी में संस्कृत व पाली साहित्य में जौ, धान, तिल, गन्ना, केला, दाल, सरसों, गेहूँ, आम आदि फसलों का उल्लेख पाते हैं। सालि धान की एक प्रजाति थी। पौधों को लगाने को रोपण कहते हैं, जो आज भी प्रचलित शब्द है। तैयार कृषि भूमि को केदार कहा जाता था। बौद्ध ग्रन्थ 'सुत्तनिपात' मे उल्लिखित शब्द अन्नदा, बन्नदा, सुखदा क्रमशः अन्नदाता, सौंदर्यदाता, सुखदाता को इंगित करते हैं और ये शब्द पशुओं के लिए प्रयुक्त हुए हैं। इससे पता चलता है कि अब कृषि में पशुओं का महत्त्व बढ़ने लगा था व बलि प्रथा (क्योंकि यज्ञों में पशुओं की बलि दी जाती थी) के खिलाफ पशुओं की रक्षा करना प्रदर्शित करता है। ऋग्वैदिक काल में प्रचलित गो शब्द अति महत्त्वपूर्ण था, क्योंकि यहाँ प्रचलित शब्दों में ज्यादातर गो शब्द ही जुड़ा हुआ है, जो गाय की महत्ता को प्रदर्शित करते हैं।

प्राचीन भारतीय आर्थिक इतिहास लेखन में अर्थशास्त्र में महत्त्वपूर्ण सामग्री उपलब्ध है, जिसमें कृषि को राज्य के राजस्व का एक महत्त्वपूर्ण आधार माना गया है और शूद्रों को कृषि करने की इजाजत दी गयी है। इसमें कहा गया है कि शूद्रों का कृषि योग्य जमीन को आबाद कराने या अनुपयोगी जमीन पर बसाने के लिए अधिक पसंद किया जाता था, क्योंकि वे कड़ी मेहनत और शोषण के आदी थे। गैरकृषि उत्पादों–उत्खनन, व्यापार आदि पर राज्य का नियन्त्रण था, जिससे राज्य की आय में बढ़ोत्तरी होती थी।

मौर्यकालीन ग्रन्थों में शिल्पकारों व व्यापारिक संगठनों की श्रेणियों व अन्तरक्षेत्रीय सामुद्रिक व्यापार का उल्लेख मिलता है।

बुद्ध काल व उसके बाद का समय कृषकों एवं श्रमिकों, व्यापारियों की महत्ता व उनकी आवश्यकता को दर्शाता है, क्योंकि इस समय कृषि व व्यापार का अधिक विस्तार होने लगा था, जिसका कारण था–लोहे की खोज। लोहे की खोज ने कृषि व व्यापार में बहुत योगदान दिया।

भारत के आर्थिक इतिहास लेखन में गुप्त काल के भूमि अनुदानों से सम्बन्धित शिलालेख भी, महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे हमें महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है, जो उस समय की कृषि के लिए प्रचलित शब्द व गुप्त काल और उत्तर गुप्त काल में व्यापार के ह्रास, नगरों के पतन, मुद्रा के अभाव आदि के बारे में विशेष जानकारी देने के कारण इतिहास लेखन में सहयोग करते हैं।

## सन् 1950 के दशक से पूर्व इतिहास लेखन की प्रवृत्तियाँ

बीसवीं शताब्दी के मध्य तक प्राचीन भारतीय आर्थिक इतिहास लेखन मुख्यत: साहित्यिक कृतियों पर आधारित था। इनमें शिलालेखों के संदर्भ भी दिये गये, परन्तु इनका एक दोष यह था कि इनमें समय और स्थान की सीमाओं का ध्यान नहीं रखा जाता था, जिसके कारण उस समय में या उस समय की अर्थव्यवस्था में हो रहे परिवर्तनों का पता हम सही-सही नहीं लगा सकते। इस प्रकार की कृतियों में हम यू.एन. घोषाल की '*एग्रेरिय सिस्टम ऑफ नॉर्दर्न इण्डिया*' एवं *ए.एन. बोस* की कृति '*सोशल एण्ड रूरल इकॉनामी ऑफ नॉर्दर्न इण्डिया*' (ई.पू. 600 से 200 ईस्वी) की चर्चा कर सकते हैं।

परन्तु 1950 के दशक के मध्य से आरम्भिक भारत के परिप्रेक्ष्य में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आये। अब इतिहास लेखन का केन्द्रबिन्दु आर्थिक हो गया। अब इतिहास लेखन राजवंशों की लड़ाइयों से निकलकर समाजिक-आर्थिक विकास के विभिन्न चरणों को देखता हुआ आगे बढ़ने लगा। अब लोगों की जिज्ञासा भी आर्थिक इतिहास में बढ़ने लगी; जैसे–लोहे की खोज का क्या प्रभाव हुआ? क्या वैदिक काल में लोहे की उपलब्धता थी? हड़प्पा सभ्यता में क्या दो फसलों को एक साथ बोया जाता था?–जैसे सवालों के समाधान खोजने की कोशिश की गई।

1950 के दशक से पूर्व इतिहास लेखन में एक बड़ा आमूलचूल परिवर्तन और आया और इसके कारण पहले से स्थापित कुछ तथ्यों को चोट अवश्य लगी। इस समय के इतिहास लेखन में राजा और राजवंशों के इतिहास से अलग जनसाधारण को महत्त्व दिया जाने लगा। उस समय के जनसाधारण के जीवन की सामाजिक-आर्थिक गतिविधियाँ क्या थीं? लोग अपना जीवन कैसे बिताते थे? उस समय व्यापार के लिए क्या साधन थे? लोग अन्तर्क्षेत्रीय व्यापार करते थे या देश के बाहर भी व्यापार था? आदि बातों पर ज्यादा जोर दिया जाने लगा। मौर्य काल में व्यापार की विभिन्न गतिविधियों का प्रकाश में आना मौर्य काल के व्यापार और आर्थिक जीवन की उन्नति को दर्शाता है। वहीं गुप्त काल के आपेक्षिक पतन या ठहराव की बात गुप्त काल के स्वर्णिम युग होने पर प्रश्न चिह्न लगा देती है। इस समय इतिहास में जनसाधारण को लेकर ज्यादा लिखा जाने लगा, जो 1950 के पूर्व इतिहास लेखन की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता कही जा सकती है।

## नव-इतिहास लेखन

1960 एवं 1970 का दशक नव-इतिहास लेखन का समय कहलाता है। जिस प्रकार 1950 के दशक से पूर्व के इतिहास लेखन में कुछ परिवर्तन हुए थे, स्वाभाविक है कि इन दशकों में भी परिवर्तन अवश्य हुए होंगे और वे परिवर्तन थे–तकनीकी और आर्थिक इतिहास पर अधिक बल देना। पूर्व-ऐतिहासिक काल का समाज कई स्तरों में विभाजित था। उत्पादन की जिम्मेदारी वैश्य व शूद्र वर्ग के कंधों पर डाल दी गयी। आरम्भिक मध्यकाल, जिसकी प्रमुख विशेषता उसका सामंती होना था और इस सामंतवादी रूप में सामुद्रिक व्यापार तथा नगरों के पतन, मुद्रा में कमी सत्ता का विकेन्द्रीकरण, शिल्पों का स्थानीयकरण, कृषकों की गतिहीनता, सीमित आर्थिक रूप में देखा जाता है। इस सबका एक महत्त्वपूर्ण योगदान यह रहा कि कृषि संघर्ष और ग्राम्य आन्दोलन की पृष्ठभूमि तैयार हो गयी और इसको तैयार करने का श्रेय लगान वसूल करने वाले भूमिपति वर्ग और दलित कृषक वर्ग को जाता है।

पूर्व-मध्यकाल के इतिहास में हमें परिवर्तन के कुछ चिह्न अवश्य दिखाई देते हैं। जैसे–कृषि कार्य का विस्तार, जनजातियों का कृषक बनना, छोटे-छोटे स्थानीय राज्यों का उदय, राज्य-केन्द्रित समाज (State Society) का विस्तार। कृषि का विस्तार हम इन्हीं परिवर्तनों के कारण मान सकते हैं। समय के साथ क्षेत्रीय विविधता भी पूर्व-मध्यकालीन इतिहास में दिखाई देती है। ग्राम पल्लि घोष (गड़रियों का गांव) आदि कई प्रकार की बस्तियाँ पायी जाती हैं। परन्तु सभी गांवों में आवश्यकता की सभी वस्तुएँ उपलब्ध होती थीं, ऐसा नहीं था। इस समय के गाँवों में तालाब, मन्दिर श्मशान आदि का अभाव दिखाई देता है। समय के साथ गाँवों की बस्तियों में परिवर्तन भी दिखाई देता है। पर पदानुक्रम में ऊँच-नीच के

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



सम्बन्ध बाधित नहीं थे। गाँव राजाओं के लिए राजस्व के स्रोत होते थे, क्योंकि वे कई रूपों में काम करते थे; जैसे–विनिमय केन्द्र जिनको हाट कहा जाता था, वाणिज्य केन्द्र जिनको उत्तर भारत में मड़पिका और दक्षिणी भारत में पेठ कहते थे, के रूप में इस समय के गाँव काम करते थे और राज्य इनसे अच्छ-खास राजस्व वसूली करते थे। कई प्रकार के व्यापारी हुआ करते थे व कई व्यापारिक श्रेणियाँ थीं; जैसे–श्रेष्ठि (सम्पन्न व्यापारी), बंजारा (फेरी वाले), सार्थवाह (कारवाँ व्यापारी)। यह कारवाँ का प्रमुख होता था। वणिक छोटे स्तर के व्यापारियों की श्रेणी होती थी। पूर्व-मध्यकालीन भारत के इतिहास लेखन में एक नयी बात यह दिखाई देती है कि इस समय के व्यापार और शहरी केन्द्रों के ह्रास को नयी दृष्टि से देखने का प्रयास किया गया, जो इस समय के इतिहास की विशेषताओं को जानने में सहायक है।

## हाल के शोध

पत्थर के औजार एवं मिट्टी के बर्तनों, संसाधनों के उपयोग एवं आबादी के इतिहास, पूर्व मध्यकालीन दक्षिणी भारतीय शिलालेखों का उपयोग करके प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास पर हुए शोधों ने एक बेहतर इतिहास लेखन में और हमारी समझ बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। लेकिन इन सबके बावजूद भी ऐतिहासिक स्रोतों की प्रवृत्तियों को देखते हुए किसी प्रकार का ठोस निर्धारण करना कठिन है, क्योंकि इनमें अधिकतर अनुमान ही लगाये जा सकते हैं, जो स्रोतों की अस्पष्टता के कारण हैं।

जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है कि प्राचीन भारतीय इतिहास में सहअस्तित्व के साक्ष्य मिलते हैं, जो तकनीकी और आर्थिक विकास के विभिन्न समुदायों पर आधारित हैं। इसमें हम नवपाषाणयुगीन पशुपालक और मध्यपाषाणयुगीन शिकार संग्राहक वर्ग व हड़प्पायुगीन कृषक एवं शिल्पकारों के सहअस्तित्व के साक्ष्य देख सकते हैं। ये दोनों वर्ग साथ-साथ रहे। हड़प्पा में शिल्पकारों का बड़ा महत्त्व था और वहाँ मनके बनाने का उद्योग बड़ा विकसित था। शिल्पकारों का जीवनस्तर भी अच्छा था। पर ऐसा नहीं है कि कृषकों को नगण्य माना जाता था। वहाँ कृषकों का भी अपना महत्त्व था और दोनों का सहअस्तित्व भी था। मौर्य काल की प्रगति गंगा घाटी एवं उससे सटे क्षेत्रों तक सीमित थी। मौर्योत्तर कालीन दक्षिणी भारत में देखें तो आंध्र क्षेत्र व मध्य भाग (तेलंगाना) में हमें आन्ध्र क्षेत्र कृषि से सम्पन्न दिखाई देता है, तो तेलंगाना शिल्प व्यापार से समृद्ध दिखाई देता है। यहाँ लोहा पिघलाने की भट्ठियाँ इस बात का सबूत हैं कि लोहे को गलाकर उपकरण तैयार किये जाते थे।

पुरातात्त्विक शोधों के आधार पर काले एवं लाल मृदभांडों के प्रयोगकर्त्ता व गेरूए रंग के मृदभांडों के प्रयोगकर्त्ता के बीच सम्पर्क और आपसी लेन-देन था। इस आधार पर यह तो मानना पड़ेगा कि परिवर्तन की व्याख्या आक्रमण और उपनिवेशीकरण के आधार पर नहीं की जा सकती; क्योंकि केवल यह मान लेना कि एक वर्ग ने दूसरे वर्ग पर आक्रमण किया और वहाँ अपना उपनिवेश बनाया और वहां कब्जा किया–ऐसा नहीं माना जा सकता, क्योंकि दोनों के बीच आपसी लेन-देन हमें सिर्फ यही मानने को मना करता है। इतिहासकार कृषि की उत्पत्ति और कृषि समुदाय के उद्भव को लौह युग से पूर्व का मानते हैं। इसके कारण वे लोहे की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न लगाते रहे कि जब कृषि की उत्पत्ति और समुदाय का अस्तित्व पहले से था, तो फिर लोहे की क्या विशेष भूमिका रही। इसी कारण अतिरिक्त उत्पादन करने वाले कृषक समुदाय के विषय में आज एक बहस छिड़ी हुई है।

## सारांश

आर्थिक इतिहास लेखन इतिहास के एक अंग के रूप में माना जाता है और इससे अलग करके इतिहास के महत्त्व को नहीं देखा जा सकता। आर्थिक इतिहास एक नयी सोच और नये ढंग से इतिहास लेखन को बढ़ावा देता है, क्योंकि समय के साथ-साथ समाज में परिवर्तन और परिवर्तनों से बदलता इतिहास एक नयी जिज्ञासा पैदा कर देता है। समाज के किसी एक आयाम का अध्ययन करने के लिए अन्य आयामों को छोड़ देना सम्भव नहीं है। क्योंकि ये परस्पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और एक-दूसरे से बहुत गहरा सम्बन्ध रखते हैं और उन पर असर भी डालते हैं। जैसे–किसी राज्य के उद्भव हेतु कृषि, आबादी, सामाजिक वर्गीकरण आवश्यक होते हैं। ये तत्त्व किसी राज्य का निर्माण करते हैं। यदि हम इनमें से सिर्फ सामाजिक वर्गीकरण को लेकर इतिहास लिखें, तो यह सम्भव नहीं हो पाएगा, क्योंकि उसके लिए यह जानना जरूरी है कि सामाजिक वर्गीकरण की आवश्यकता क्यों पड़ी। शायद कृषि के उत्पादन ने कुछ वर्गों को सम्पन्न, शोषक व शोषणकर्त्ता बना दिया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि इतिहास लेखन का हर पहलू एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है और जिसमें आर्थिक इतिहास अपना अलग ही महत्त्व रखता है।

## प्रश्न-अभ्यास

**प्रश्न 1. प्राचीन भारतीय आर्थिक इतिहास पर समकालीन विचारों की विवेचना करें।**

**उत्तर**–प्राचीन भारतीय आर्थिक इतिहास पर समकालीन विचारों की विवेचना उस समय के ग्रन्थों में उपलब्ध जानकारी के आधार पर की जा सकती है। कई महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हमें उस समय के आर्थिक इतिहास से अवगत कराते हैं, जिसमें संस्कृत व पाली साहित्य का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा है। ये ग्रंथ ईसा पूर्व पहली शताब्दी के मध्य की फसलों के बारे में हमें जानकारी देते हैं। जैसे–इन ग्रन्थों में जौ, गेहूँ, धान, तिल, सरसों, दाल, गन्ना, केला

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



आदि का उल्लेख मिलता है। इन ग्रन्थों से हम उस समय की फसलों के लिए प्रचलित शब्दों को भी जान पाते हैं। जैसे–सालि उस समय धान की एक प्रजाति थी। केदार कृषि हेतु तैयार भूमि को कहा गया है। भूमि और कृषि में लोगों का लगाव था जो इस बात से स्पष्ट होता है कि भूमि का वर्गीकरण किया गया था। उसे ऊसर, खेत, गोचर आदि श्रेणियों में बाँटा गया था। ऋग्वैदिक काल में पशु–पालन का महत्त्व रहा है, तो बुद्ध काल में आर्थिक परिस्थितियां बदलीं और भूमि का कृषि के रूप में बहुत महत्त्व दिखाई देता है।

कौटिल्य कृत अर्थशास्त्र भी आर्थिक इतिहास के लेखन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे पता चलता है कि गाँव की आबादी एवं कृषि कर्म राज्य के राजस्व का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत थे। शूद्रों को उनकी श्रम श्रेष्ठता के कारण कृषि भूमि को आबाद करने के कार्य में लगाया जाने लगा। राजस्व के अन्य स्रोतों के रूप में राज्य गैरकृषि उत्पादों पर कर लगता था। धातु कर्म एवं व्यापार पर राज्य का नियंत्रण हमें अर्थशास्त्र में देखने को मिलता है। मौर्य काल के बाद तो यह बात स्पष्ट रूप से सामने आयी कि भूमि उसी की है, जो उसे कृषि योग्य बनाता है। यह बात मनुस्मृति और मिलिंदपण्हों में उल्लिखित है। उत्तर मौर्यकालीन ग्रन्थों में नाना प्रकार की श्रेणियों, पेशों एवं श्रमिकों का वर्णन है। मथुरा, साँची एवं अन्य स्थानों से प्राप्त शिलालेख दानकर्त्ताओं के नाम और उनके पेशों की चर्चा करते हैं, जो उनके आर्थिक रूप से सक्षम होने का प्रमाण हैं।

उस समय के ग्रंथ गुप्त काल के व्यापार के ह्रास, नगरों धात्विक मुद्रा के अभाव के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराते हैं। हर्षचरित से हम उस समय के आर्थिक इतिहास के बारे में जान पाते हैं। इस समय के अभिलेख भी आर्थिक इतिहास की महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। इस प्रकार आर्थिक इतिहास लेखन में उस समय की साहित्यिक सामग्री और अभिलेखों का महत्त्वपूर्ण स्थान है, जो हमें उस समय की आर्थिक गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हैं।

**प्रश्न 2. प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास पर समकालीन विचार विकास या स्थिरता में से क्या इंगित करते हैं?**

**उत्तर**–प्राचीन भारत के आर्थिक इतिहास पर समकालीन विचार विकास और प्रगति को इंगित करते हैं। उस समय के आर्थिक इतिहास में विकास निरन्तर देखने को मिलता है। व्यापार में वृद्धि, राजस्व के स्रोत बढ़ाने के लिए राज्य के क्रियाकलाप और भूमि को उत्पादन हेतु उपयुक्त बनाने और उस पर कृषि आदि विकास को ही प्रदर्शित करते हैं। भूमि का वर्गीकरण, फसलों की किस्में, सोने, चाँदी, ताँबे और यहाँ तक कि पोटीन की मुद्राओं का ढाला जाना भी उस समय के आर्थिक इतिहास में विकास का ही द्योतक है। भूमि अनुदान, व्यापारी, श्रेष्ठी आदि उस समय के आर्थिक विकास को प्रदर्शित करते हैं। श्रेष्ठी एक स्थान से दूसरे स्थान पर व्यापार करने जाते थे। श्रेष्ठी के अपने अलग नियम होते थे। राजा उनके काम में दखल नहीं देता था। भूमि अनुदान से कृषि को ज्यादा बढ़ावा मिला। वैदिक काल में पशुपालन का महत्त्व है, तो बुद्ध काल में कृषि को महत्त्व दिया जाने लगा। मौर्य काल में राज्य व्यापार में भी रुचि लेने लगा और कृषि के अतिरिक्त गैर–कृषि उत्पादों पर भी राज्य कर लगाने लगा, जिससे राज्य की आय बढ़ी। ये सब विकास को प्रदर्शित करते हैं।

अतः हम से उपर्युक्त विवरण के आधार पर कह सकते हैं कि प्राचीन भारतीय आर्थिक इतिहास विकास को इंगित करता है। निरन्तर विकास में गुप्त व गुप्तोत्तर काल में थोड़ा ठहराव जरूर आया, परन्तु इससे ऐसा नहीं है कि विकास फिर आगे हो ही नहीं पाया या इसके बाद विकास रुक गया। अतः आर्थिक इतिहास विकास को इंगित करता है न कि स्थिरता को।

**प्रश्न 3. सन् 1960 के दशक के दौरान इतिहास लेखन के रुझानों का विश्लेषण करें।**

**उत्तर**–1960 के दशक का इतिहास लेखन नव-इतिहास लेखन को प्रदर्शित करता है। यही वह समय था जब अर्थव्यवस्था को मौद्रिकीकरण के रूप में देखा गया। यह समय नयी दृष्टि से इतिहास लेखन को प्रदर्शित करता है। 1960 के दशक में तकनीकी और आर्थिक परिवर्तन पर बड़ा बल दिया गया। इस समय के इतिहास से पता चलता है कि किस प्रकार राज्य की आय को बढ़ावा देने के लिए भूमि व उत्पादक वर्ग में परिवर्तन हुए।

उत्पादन की जिम्मेदारी प्रमुख करदाता वर्ग वैश्य और शारीरिक श्रम का दायित्व शूद्रों के कन्धों पर डाल दिया गया। आरम्भिक मध्यकाल जिसकी एक प्रमुख विशेषता उसका सामन्ती स्वरूप था, को सामुद्रिक व्यापार, नगरों के पतन, मुद्रा में कमी, वैश्यों व शूद्रों की दशा में परिवर्तन, सीमित आर्थिक इकाइयों के रूप में उल्लिखित किया गया। मध्यकालीन भारत में कुछ क्षेत्रों में कृषि विस्तार की बात तो स्वीकार की जाती है। इतिहास लेखन में एक प्रकार से सर्वव्यापी ह्रास का विचार व्याप्त दिखाई देता है। इस समय के इतिहास लेखन में क्षेत्रीय विविधता और परिवर्तन दिखाई देते हैं। जैसे–कई प्रकार की ग्रामीण बस्तियों का पाया जाना और इन गाँवों की सामाजिक संरचना भी समय के साथ-साथ बदलती रही। ग्रामीण बस्तियों का स्वरूप भी समय के साथ-साथ बदला। गाँव राज्य की आय के प्रमुख साधन के रूप में सामने आये। क्योंकि ये कई प्रकार के स्वरूप को प्रदर्शित करते थे–कभी विनिमय केन्द्र, तो कभी वाणिज्य केन्द्र आदि के रूप में। और राज्य इन पर कर लगाता था, जिसके कारण इनकी आय में। वृद्धि होती थी। इतिहासकारों ने उस समय की विशेषताओं और कुरीतियों दोनों का ही विश्लेषण किया है। सामाजिक कुरीतियों के तहत नीची जातियों का शोषण किस प्रकार किया जाता था, महिलाओं के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जाता था आदि। 1960 के दशक में ये इतिहासकारों के लिए विश्लेषण के मुद्दे बने। पदानुक्रम पर

www.neerajbooks.com